EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow




**CLASS: III**

**DATE :**

**SESSION NO : 14**

**SUBJECT : (HINDI)**

**CHAPTER NAME : तितली की सीख**

**SUB –TOPIC: प्रस्तावना,आदर्श पठन तथा विशलेषण**

## सीखने का उद्देश्य:

बच्चों के पठन कौशल तथा उच्चारण की शुद्धता में काफी वृद्धि ।



ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow


पुनरावृति कार्य
ODM
EDUCATIONAL GROUP

# प्रस्तावना





ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# पाठ-४ तितली की सीख




ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# पाठ का आदर्श पठन

**चिंतन-मनन**

मनुष्य को आलस का त्याग कर अपना कार्य ईमानदारी से करना चाहिए। आलस करने से दिन का उपयोगी समय बेकार चला जाता है।

संग हवा के उड़ी चली,
रंग-बिरंगी इक तितली।
पर थे उसके बड़े सजीले,
लाल, हरे और नीले-पीले।
नन्ही-प्यारी वह तितली,
उड़कर बगिया में पहुँची।
बैठ गई वह किसी कली पर,
जो थी लगी एक डाली पर।
ज्योंहि रस पीने को चली,
बोल पड़ी वह नन्ही कली।



ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# पाठ का आदर्श पठन



"खिले फूल पर जाओ तुम,
मुझे न अभी सताओ तुम।
मुझको अभी बहुत है सोना,
ढूँढ़ो कोई खिली कली।"
तितली बोली–"आलस छोड़ो,
बंद पँखुड़ी अपनी खोलो।
देखो दुनिया कितनी सुंदर,
रंग-बिरंगी, चमकीली।"
लो मैं तुमसे दूर चली,
रंग-बिरंगी इक तितली

**शब्दार्थ–आलस**–आलस्य (laziness)

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# पाठ का विश्लेषण



बहुत समय पहले की बात है, एक नन्हीं सी तितली एक दिन खुश होकर खुली हवा में बड़े प्यार से इधर-उधर उड़कर घुम रही थी, उसके पंख बहुत सुंदर तथा सजीले थे। वह नन्ही प्यारी सी तितली उड़कर एक बगीचे में जा पहुँची, उसने बगीचे में बहुत सुंदर रंग-बिरंगी फूलों की कलियों को देखा, और जाकर एक सुंदर नन्ही सी कली के ऊपर बैठकर जैसे ही उसका रस पीना चाहा तुरंत वह नन्ही सी कली बोली अरे अरे तितली बहन यह तुम क्या कर रही हो, तितली ने कहा में तुम्हारा मीठा रस पीना चाहती हुँ। यह सुनकर नन्ही कली बोली देखो बहन में तो अभी सो रही हुँ। तुम मुझे मत परेशान करो। तुम कोई दुसरी खिली हुई कली के पास जाओ।

यह सुनकर नन्हीं सी तितली बोली कली बहन तुम आलस करना छोड़ दो, सुबह जल्दी उठकर देखो, हमारी यह प्यारी सी दुनिया कितनी रंग-बिरंगी, और सुंदर है। नन्हीं सी तितली कली बहन को यह सीख देकर दुर आसमान में उड़ गई।

**कविता की सच्ची सीख :**

जो लोग आलस करने में सारा समय बर्बाद कर देते हैं, वे जीवन में कभी भी आगे नहीं बढ सकते हैं। इस बजह से हमें आलसी ना बनकर मेहनती बनकर जीवन में आगे बढना चाहिए।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# गृह कार्य

हम अगर आलस को अपने जीवन से भगा देगें तो हम अपने जीवन में कौन-कौन से कार्य कर पाएँगें,इस विषय पर कक्षा कार्य कापी में कुछ वाक्य लिखें।

ODM

# अध्ययन के परिणाम



कविता पठन के बाद बच्चों मैं सही तरीक़े से पठन कौशल का विकास हो पाया।

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow